अनुक्रमांक ..... मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
नाम .....

102 302(BJ)

2026
सामान्य हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट। [पूर्णांक : 100

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
निर्देश :

i) सम्पूर्ण प्रश्नपत्र दो खण्डों – **खण्ड 'क'** तथा **खण्ड 'ख'** में विभाजित है।

ii) दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(खण्ड–क)

1. क) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी की रचना है 1

i) चिंतामणि ii) पंचपरमेश्वर iii) यामा iv) चारुचन्द्रलेख

ख) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' – यह आत्मकथा विधा है 1

i) सुमित्रानंदन पंत की iii) हरिवंशराय 'बच्चन' की

ii) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की iv) 'अज्ञेय' की

ग) 'कविवचनसुधा' के संपादक थे 1

i) बालकृष्ण भट्ट ii) भारतेन्दु हरिश्चंद्र iii) प्रतापनारायण मिश्र iv) बालमुकुन्द गुप्त

घ) 'परदा' कहानी के लेखक हैं 1

i) प्रेमचंद ii) जयशंकर प्रसाद iii) अमरकांत iv) यशपाल

ङ) 'अजातशत्रु' रचना की विधा है

i) उपन्यास ii) कहानी iii) नाटक iv) आत्मकथा

2. क) 'अज्ञेय' की रचना है

i) 'कुरुक्षेत्र' iii) 'रश्मिरथी'

ii) 'हरी घास पर क्षण भर' iv) 'उर्वशी'

ख) 'कामायनी' में सर्गों की संख्या है

i) बारह ii) चौदह iii) पंद्रह iv) सत्रह

UPBoardHub

ग) 'संतकाव्य धारा' के प्रमुख कवि हैं 1

i) तुलसीदास ii) नाभादास iii) कबीरदास iv) सूरदास

घ) सुमित्रानंदन पंत 'सुकुमार' कवि हैं 1

i) प्रकृति के ii) शृंगार के iii) ज्ञान के iv) भक्ति के

ङ) 'राम की शक्ति पूजा' के रचयिता हैं 1

i) सुमित्रानन्दन पन्त iii) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

ii) महादेवी वर्मा iv) गिरिजाकुमार माथुर

3. दिये गये गद्यांशों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 2 = 10$

राष्ट्र का तीसरा अंग जन की संस्कृति है। मनुष्यों ने युग-युगों में जिस सभ्यता का निर्माण किया है, वही उसके जीवन की श्वास-प्रश्वास है। बिना संस्कृति के जन की कल्पना कबंधमात्र है, संस्कृति ही जन का मस्तिष्क है। संस्कृति के विकास और अभ्युदय के द्वारा ही राष्ट्र की वृद्धि सम्भव है। राष्ट्र के समग्र रूप में भूमि और जन के साथ-साथ जन की संस्कृति का महत्वपूर्ण स्थान है। यदि भूमि और जन अपनी संस्कृति से विरहित कर दिये जायें तो राष्ट्र का लोप समझना चाहिए। जीवन के विटप का पुष्प संस्कृति है। संस्कृति के सौन्दर्य और सौरभ में ही राष्ट्रीय जन के जीवन का सौन्दर्य और यश अन्तर्निहित है।

i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

iii) राष्ट्र का तीसरा अंग क्या है ?

iv) मनुष्य के जीवन की श्वास-प्रश्वास क्या है ?

v) 'विरहित' तथा 'अन्तर्निहित' शब्दों के अर्थ लिखिए।

अथवा

पुष्पित अशोक को देखकर मेरा मन उदास हो जाता है। इसलिए नहीं कि सुंदर वस्तुओं को हतभाग्य समझने में मुझे कोई विशेष रस मिलता है। कुछ लोगों को मिलता है वे बहुत दूरदर्शी होते हैं। जो भी सामने पड़ गया, उसके जीवन के अंतिम मुहूर्त तक का हिसाब वे लगा लेते हैं। मेरी दृष्टि इतनी दूर तक नहीं जाती है फिर भी मेरा मन इस फूल को देखकर उदास हो जाता है। असली कारण तो मेरे अंतर्यामी ही जानते होंगे, कुछ थोड़ा सा मैं भी अनुमान कर सकता हूँ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

iii) इस गद्यांश के लेखक ने स्वयं के विषय में क्या कहा है ?

iv) लेखक ने किस प्रकार गद्यांश के उद्देश्य को स्पष्ट करने की बात कही है ?

v) 'अंतर्यामी' एवं 'दूरदर्शी' शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए।

UPBoardHub

4. दिये गये पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 2 = 10$

मुझे फूल मत मारो
मैं अबला बाला वियोगिनी कुछ तो दया विचारो
होकर मधु के मीत मदन, पटु तुम कटु गरल न गारो
मुझे विकलता तुम्हें विफलता, ठहरो, श्रम परिहारो
नहीं भोगिनी यह मैं कोई, जो तुम जाल पसारो
बल हो तो सिंदूर-बिन्दु यह-यह हरनेत्र निहारो।
रूप-दर्प कंदर्प, तुम्हें तो मेरे पति पर बारो,
लो यह मेरी चरण धूलि, उस रति के सिर पर धारो।

i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

ii) 'होकर मधु के मीत मदन' पंक्ति में कौन-सा अलंकार प्रयुक्त है ?

iii) पद्यांश में उर्मिला ने अपने सिंदूर बिन्दु को किसके समान बताया है ?

iv) "मैं अबला बाला वियोगिनी, कुछ तो दया विचारो" पंक्ति में कौन-सा रस प्रयुक्त है ?

v) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

अथवा

दु:खर की पिछली रजनी बीच
विकसता सुख का नवल प्रभात
एक परदा यह झीना नील
छिपाये हैं जिसमें सुख गात।

i) उपर्युक्त पद्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

ii) उपर्युक्त पद्यांश का प्रसंग लिखिये।

iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

iv) श्रद्धा किसके हताश मन को प्रेरणा दे रही है ?

v) 'एक परदा यह झीना नील' पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए : (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) $3 + 2 = 5$

i) वासुदेवशरण अग्रवाल

ii) डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी

iii) प्रो० जी० सुंदर रेड्डी।

UPBoardHub

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों पर प्रकाश डालिये : (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) $3 + 2 = 5$

i) जयशंकर प्रसाद

ii) मैथिलीशरण गुप्त

iii) रामधारी सिंह 'दिनकर' ।

6. 'ध्रुवयात्रा' अथवा 'बहादुर' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 5

अथवा

'पंचलाइट' अथवा 'लाटी' कहानी का सारांश लिखिए। (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द)

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए । 5
(अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द)

i) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के आधार पर 'गाँधीजी' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

अथवा

'मुक्तियज्ञ' के कथानक का संक्षिप्त वर्णन कीजिए ।

ii) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'हर्षवर्द्धन' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

अथवा

'त्यागपथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'पंचम सर्ग' की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

iii) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के आधार पर दु:शासन का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

अथवा

'सत्य की जीत' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

iv) 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिये ।

अथवा

'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य के आधार पर 'गाँधीजी' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

v) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के 'संदेश सर्ग' का सारांश लिखिए ।

अथवा

'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

vi) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

अथवा

'रश्मिरथी' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में अपने शब्दों में लिखिए ।

UPBoardHub

(खण्ड–ख)

8. (क) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिये : $2 + 5 = 7$

संस्कृतस्य साहित्यं सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम्। तस्य गद्ये-पद्ये च लालित्यं, भावबोधसामर्थ्यम्, अद्वितीयं श्रुतिमाधुर्यञ्च वर्तते। किं बहुना चरित्र निर्माणार्थं यादृशीं सत्प्रेरणां संस्कृतवाङ्मयं ददाति न तादृशीं किञ्चिदन्यत्। मूलभूतानां मानवीयगुणानां यादृशी विवेचना संस्कृतसाहित्ये वर्तते, नान्यत्र तादृशी। दया, दानं, शौचं, औदार्यम्, अनसूया, क्षमा अन्ये चानेके गुणा अस्य साहित्यस्य अनुशीलनेन सञ्जायन्ते।

अथवा

महामना विद्वान वक्ता, धार्मिको नेता पटुः पत्रकारश्चासीत्। परमस्य सर्वोच्च गुणः, जनसेवैव आसीत्। यत्र कुत्रापि अयं जनान् दुःखितान् पीड्यमानांश्चापश्यत् तत्रैव सः-शीघ्रमेव उपस्थितः सर्वविधं साहाय्यञ्च अकरोत्। प्राणिसिवा अस्य स्वभाव एवासीत्। अद्यास्माकं जनान् सन्मार्गं दर्शयन् स्थाने-स्थाने, जने-जने उपस्थित एव।

जयन्ति ते महाभागा जनसेवा परायणाः।
जरामृत्युभयं नास्ति येषां कीर्तितनोः क्वचित्॥

(ख) दिये गये श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए : $2 + 5 = 7$

सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिन सुखम्।
सुखार्थी वा त्यजेद् विद्यां विद्यार्थी वा त्यजेत् सुखम्॥

अथवा

निन्दन्तु नीतिनिपुणाः यदि वास्तुवन्तु
लक्ष्मीःसमाविशतु गच्छतु वा यथेष्टम्।
अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा
न्यायात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः॥

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : $1 + 1 = 2$

i) कलई खुलना
ii) मक्खन लगाना
iii) पानी-पानी होना
iv) उल्टी गंगा बहाना।

10. अपठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आज के अनेक आर्थिक और सामाजिक विधानों की हम जाँच करें तो पता चलेगा कि वे हमारी सांस्कृतिक चेतना के क्षीण होने के कारण युगानुकूल परिवर्तन और परिवर्द्धन की कमी से बनी हुई रूढ़ियों परकीयों के साथ संघर्ष की परिस्थिति से उत्पन्न माँग को पूरा करने के लिये अपनाये गये उपाय अथवा परकीयों द्वारा थोपी गई या उनका अनुकरण कर स्वीकार की गई व्यवस्थाएँ मात्र हैं। भारतीय संस्कृति के नाम पर उन्हें जिन्दा रखा जा सकता है।

i) भारतीय सांस्कृतिक चेतना के कमजोर होने का प्रमुख कारण क्या है ? 2

ii) बदलते समय के अनुसार परिवर्तन और विकास न होने का क्या कारण है ? 2

iii) सांस्कृतिक चेतना क्या है ? 1

अथवा

UPBoardHub

यह बात सही है कि भूल जाइये कि नारी श्रेष्ठ है और जिम्मेदारी उसी पर है, श्रेष्ठ पुरुष है और उसी पर गृहस्थी का सारा भार है । नारी में सेवा और संयम और कर्तव्य वही पैदा कर सकता है । यदि उनमें इन बातों का अभाव है तो नारी में भी अभाव रहेगा । नारियों में आज जो विद्रोह है, इसका कारण पुरुष का इन गुणों से शून्य हो जाना है ।

(i) नारी के अंदर सेवा, संयम और कर्तव्य का भाव कैसे उत्पन्न होता है ? 2

(ii) नारियों के अंदर आज विद्रोह की भावना क्यों उत्पन्न हो रही है ? 2

(iii) नारियों के प्रति पुरुष का कैसा भाव होना चाहिए ? 1

11. (क) निम्नलिखित शब्द–युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए :

(i) अविलम्ब–अवलम्ब – 1

(अ) चलायमान और रुकावट
(ब) असहाय और विलम्बित
(स) शीघ्र और सहारा
(द) साथ में रहना और भागना ।

(ii) अभिराम–अविराम – 1

(अ) उतार और तेजी
(ब) एक साथ और चलायमान
(स) सुन्दर और लगातार
(द) आकर्षण और कोमल ।

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो सही अर्थ लिखिए : $1 + 1 = 2$

(i) पद
(ii) अंश
(iii) विधि
(iv) मधु ।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक सही शब्द का चयन करके लिखिए :

(i) "जिसका कभी अंत न हो" –

(अ) विद्यमान
(ब) प्रकट
(स) अनंत
(द) साक्षात् ।

(ii) "जानने की इच्छा रखने वाला" –

(अ) ज्ञाता
(ब) कुशाग्र
(स) जिज्ञासु
(द) विद्वान ।

UPBoardHub

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : $1 + 1 = 2$

(i) गुरु शिष्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हैं ।

(ii) वह कभी हानी–लाभ की चिंता नहीं करता है ।

(iii) हम पहाड़ में सैर करने गये थे ।

(iv) पक्षी पेड़ में है ।

12. (क) 'वीर' रस अथवा 'हास्य' रस की परिभाषा सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । $1 + 1 = 2$
(ख) 'रूपक' अलंकार अथवा 'अनुप्रास' अलंकार का लक्षण लिखते हुए एक उदाहरण लिखिए । $1 + 1 = 2$
(ग) 'कुण्डलियाँ' छन्द अथवा 'सोरठा' छन्द का लक्षण और एक उदाहरण लिखिए । $1 + 1 = 2$

13. अपनी गली / मोहल्ले की नालियों की सफाई हेतु नगरपालिका के अधिकारी को एक पत्र लिखिए । 6

अथवा

किसी बैंक के प्रबन्धक को व्यवसाय करने हेतु ऋण प्राप्त करने के लिये एक पत्र लिखिए ।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए : 9

(i) नई शिक्षा नीति के गुण और दोष

(ii) मेरा प्रिय कवि

(iii) पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता

(iv) बेरोजगारी की समस्या और समाधान

(v) जीवन में वृक्षारोपण का महत्व ।

1

1
028

UPBoardHub